Q.P. Code : 14203

Second Semester B.B.A./B.H.M./B.B.A.M. Degree Examination, May/June 2019

(CBCS – Freshers – Semester Scheme)

Language Hindi

Paper II – KAVITHA, VANIJYA PATRA AUR ANUVAD

Time : 3 Hours] *[Max. Marks : 70*

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए। **(10 × 1 = 10)**

1. भवसागर पार करने के लिए कौन–सी नाव चाहिए?
2. राम के सेवक कौन हैं?
3. 'सद्गुण' को कौन जगाता है?
4. 'जीवन सन्देश' में कवि किससे उऋण होने का सन्देश देते हैं?
5. किनका 'जीवन नाटक' दुःखान्त हुआ?
6. कवि किसका झंडा झुकने नहीं देंगे?
7. 'नर्तन' कविता की कवयित्री कौन है?
8. हिमाद्रि का तात्पर्य क्या है?
9. युद्ध में हमेशा कौन हारता है?
10. सुख कौन लाता है?

II. (अ) निम्नलिखित पद्यांश में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(1 × 6 = 6)**

1. समै समै सुन्दर सबै रूपु कुरूपु न कोइ।
   मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होइ।।

2. कानन भूधर बारि, बयारि महाबिषु व्याधि दवा अरि घेरे।
   संकट कोटि जहाँ 'तुलसी' सुत मातु पिता, हित बंधु न नेरे।।
   राखिहैं रामु कृपालु तहाँ, हनुमानु से सेवक हैं जेहि केरे।
   नाक रसातल भूतलमें रघुनायकु एकु सहायकु मेरे।।

(आ) निम्नलिखित पद्यांश में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(1 × 6 = 6)**

1. तेरे हित जलते दीप–प्राण,
खिलते प्रसून हँसते विहान
स्यामांगिनि ! तेरे कौतुक को,
बनता जग मिट–मिट सुन्दर तर !
प्रिय प्रेयसि ! तेरा लास अमर !

2. जो उच्च शिखर की ओर बढ़े
रह–रह नव–नव उत्साह भरे
पर कुछ ने ले ली हिम–समाधि
कुछ असफल ही नीचे उतरे !
– उनको प्रणाम।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ बताइए। **(1 × 12 = 12)**

1. बुद्ध देव
2. जीवन–भूमि का युद्ध

IV. निम्नलिखित में से किसी **एक** कविता पर टिप्पणी लिखिए। **(1 × 6 = 6)**

1. जीवन संदेश
2. बिजलियाँ गिरने नही देंगे।

V. निम्नलिखित में से कोई **दो** पत्र लिखिए। **(2 × 10 = 20)**

1. आदेशानुसार माल न भेजने की शिकायत करते हुए रूपा पुस्तकालय, बेंगलूर की ओर से भारती प्रकाशन, नई दिल्ली के नाम पर एक पत्र लिखिए।

2. एजेंसी की स्वीकृति देते हुए "श्रीरंगा प्लास्टिक इन्डस्ट्रीस", विजयनगर, बेंगलूर की ओर से 'विजया स्टोर्स', मैसूर के नाम एक पत्र लिखिए।

3. खोये हुए चेक का भुगतान रोकने का अनुरोध करते हुए शाखा प्रबंधक, केनरा बैंक, वी.वी. पुरम् शाखा, बेंगलूर के एक पत्र लिखिए।

VI. निम्नलिखित शब्दों को हिन्दी में अनुवाद कीजिए। **(10 × 1 = 10)**

1. Paid
2. Penal code
3. Raid
4. Record
5. Scaled
6. Secular
7. Target
8. Uncompromising
9. Under signed
10. Validity